तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 एनएच की हालत जर्जर, कीचड़ में फंस रहे यात्री व माल वाहक वाहन



## खबर संक्षेप

### स्व. जीवनलाल की स्मृति में समाज ने रोपे पौधे



**बैकुण्ठपुर।** रजवार समाज के एक अभिनव पहल के तहत ग्राम विक्रमपुर, सोनहत निवासी सिंगार साय राजवाड़े के दिवंगत पिता स्व. जीवनलाल राजवाड़े के चंदन पगड़ी के अवसर पर पुण्यात्मा की स्मृति में रजवार समाज की ओर से परिजन को फलदार पौधे भेंट कर रोपण किया गया। तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर रजवार समाज जिला कोरिया के उपाध्यक्ष रामकुमार राजवाड़े, कृष्ण कुमार राजवाड़े, क्षेत्र समिति सोनहत के अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े, सचिव हमंत राजवाड़े, कोषाध्यक्ष हरिचंद राजवाड़े, क्षेत्र समिति पटना के अध्यक्ष राजलाल राजवाड़े, संचालक अंबिका प्रसाद राजवाड़े आदि उपस्थिति रहे।

### 42 पंचायत सचिवों का स्थानांतरण

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायतों में संचालित शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं निर्माण व विकास कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के 42 पंचायत सचिवों का जिला पंचायत सीईओ द्वारा स्थानांतरण किया गया है। कार्यालय जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा स्थानांतरण आदेश क्रमांक 884 12 जुलाई में उल्लेख किया गया है कि जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़/भरतपुर /खड़गवां के सीईओ से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाओं, निर्माण एवं विकास कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए छग शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के ज्ञापन क्रमांक / 3640 (ए)/पंग्राविवि/22/208 रायपुर 29 अगस्त 2008 के द्वारा पंचायत कर्मियों की सेवा शर्तों के लिए जारी मार्गदर्शिका के कंडिका 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के 42 ग्राम पंचायत सचिवो का स्थानांतरण किया गया है।

### हितग्राहियों को मिले स्वीकृति पत्र



**बिजुरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के पात्र हितग्राहियों को 11 जुलाई को नगरपालिका परिषद बिजुरी द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम नगर परिषद सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वार्डों से आए हितग्राहियों को आवास योजना की स्वीकृति संबंधी दस्तावेज वितरित किए गए। पात्र नागरिकों को यह आश्वासन मिला कि शीघ्र ही उन्हें आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सहबिन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन कुमार साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविन्द्र रिंकू शर्मा, महामंत्री कैलाश कोल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जिले में 25.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटे में 25.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषामापी केन्द्र अनूपपुर में 14.2, कोतमा में 4, बिजुरी में 21.6, जैतहरी में 27, वेंकटनगर में 14 , पुष्पराजगढ़ में 42.4, अमरकंटक में 34.4 तथा बेनीबारी में 46.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

### हजारों यात्रियों की परेशानी को लेकर बढ़ रहा जनाक्रोश

# मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी रेल सुविधा में उपेक्षित राजधानी तक सीधी ट्रेन आज भी सपना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

रेल सुविधा के मामले में एमसीबी जिले का मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी क्षेत्र आजादी के 77 वर्षों बाद भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। राजधानी रायपुर तक आज भी इन क्षेत्रों से कोई सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है, इससे यात्रियों को न सिर्फ खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, बल्कि हर यात्रा एक थकाऊ और जटिल किस्तों वाली प्रक्रिया बन जाती है।

- **रेलवे और जनप्रतिनिधि दोनों निशाने पर**

### आखिर क्यों यह उपेक्षा

क्षेत्र की जागरूक जनता अब सवाल पूछ रही है क्या एमसीबी जिले के लोगों को राजधानी जाने का हक नहीं। क्यों नहीं मिल पा रही है सीधी ट्रेन सुविधा। चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस को दुर्ग तक क्यों नहीं बढ़ाया जाता। रीवा ट्रेन को सप्ताह में सातों दिन क्यों नहीं चलाया जा रहा। ⏭ शेष पेज 4 पर



यात्रियों को हो रही परेशानी।

### प्लेटफॉर्म या बीते युग की तस्वीर

रेल सुविधा ही नहीं, मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी के प्लेटफॉर्म भी बदहाली की मिसाल हैं। ना शेड की समुचित व्यवस्था, ना ही स्वच्छता और ना ही डिजिटल सूचनाएं। बारिश के दिनों में छाता और रेनकोट लेकर यात्रा करना यात्रियों की मजबूरी बन चुकी है। यह दृश्य आज के डिजिटल इंडिया के दावों को कटघरे में खड़ा करता है।

### राजधानी तक सीधी ट्रेन क्यों नहीं

चिरमिरी से चलने वाली बिलासपुर एक्सप्रेस सुबह 4 बजे के लगभग बिलासपुर पहुंच जाती है, लेकिन इस ट्रेन को दुर्ग अथवा रायपुर तक बढ़ाने को लेकर रेलवे प्रबंधन वर्षों से चुप्पी साधे हुए हैं। क्यों नहीं बढ़ाई जाती ट्रेन की दूरी ,क्या कोरिया जिले के यात्रियों की तकलीफ रेलवे के लिए कोई मायने नहीं रखती।

### सावन की छाई हरियाली..



**बैकुण्ठपुर।** प्रकृति का सबसे सुंदर रंग सावन की हरियाली होती है, जो मानव मन को सुकुन देने वाला होता है। तस्वीर में सावन की हरियाली ऐसी फैली है मानो धरती पर हरी चादर बिछी हो।

### सिंगल क्लिक से सीएम ने किया राशि का अंतरण

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन जिले के ग्राम पंचायत नलवा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और गैस सिलेंडर रिफिलिंग योजना की अनुदान राशि का हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। इस कार्यक्रम को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष सहित जिले के जनपद व नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में देखने एवं सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के साथ ही काफी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों के साथ हमेशा खड़ा है संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



छग वन कर्मचारी संघ (पंजीयन क्रमांक 206) को राज्य शासन द्वारा पत्राचार की आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई है। यह मान्यता छग शासकीय सेवक (सेवा संघ) नियम 2025 के अंतर्गत दी गई है, जिससे अब यह संघ राज्य शासन के साथ औपचारिक संवाद, बैठक एवं कर्मचारियों से संबंधित विषयों पर प्रतिनिधित्व कर सकेगा।

संघ के प्रदेश महामंत्री तरूण रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्षों से लंबित कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों को अब शासन स्तर पर गंभीरता से रखा जाएगा और उनके समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। वहीं संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत दुबे के नेतृत्व को लेकर प्रदेशभर के कर्मचारियों में संगठन के प्रति नई ऊर्जा और समर्पण भाव देखने को मिल रहा है। यह अत्यंत गौरव का विषय है कि छग के 126 पंजीकृत संगठनों में से केवल 3 संगठनों को शासन द्वारा पत्राचार की अनुमति प्राप्त हुई है, जिसमें छग वन कर्मचारी संघ भी शामिल है। यह उपलब्धि प्रदेश अध्यक्ष श्री दुबे एवं उनकी टीम के सतत प्रयासों, समर्पण और कुशल नेतृत्व का परिणाम है। अब यह संघ आगामी 4 अक्टूबर 2027 तक शासन-प्रशासन स्तर की बैठकों में भाग लेने, कर्मचारियों की समस्याओं को उठाने और संबंधित मामलों में पत्राचार के लिए अधिकृत रहेगा। शासन से मान्यता प्राप्त होने पर संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों जिसमें जिलाध्यक्ष एमसीबी जगदेव सिंह, सोनू सिंह, रामायण तिवारी, इंद्र कुमार बंजारे, मनोज सेन, देव सिंह आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे संगठन की बड़ी उपलब्धि बताया।

# शिवालयों में गूंजेगा ओम नमः शिवाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




भगवान भोलेनाथ का प्रिय माह सावन की शुरूआत 11 जुलाई शुक्रवार से शुरू हुई और इसके तीन दिन बाद आज 14 जुलाई को सावन माह का पहला सोमवार पड़ रहा है। पहले सोमवार जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में स्थित शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज सुनाई देगी। इस दिन सुबह होने के साथ ही श्रद्धालु अपने-अपने क्षेत्र के शिवालयों में पहुंच कर, बेल पत्र, धतुरा, आदि पूजन सामग्री लेकर विधि-विधान के साथ भोलेबाबा को अर्पित कर मनोकामना की मांग करेंगे।

इस दिन सुबह से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो जाता है और दोपहर होते -होते तक कई शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लग जाता है। शहर के प्रेमाबाग परिसर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह होने के साथ ही आस-पास के श्रद्धालु पूजन सामग्री लेकर भगवान शिव की आराधना करने पहुंच जाते हैं और दोपहर तक यहां श्रद्धालु शिव आराधना के लिए पहुंचते रहते हैं, इसके अलावा शहर के पुलिस लाइन, एसईसीएल कॉलोनी, चेर, झुमका बांध, स्कूलपारा, ओड़गी नाका सहित जिले के विभिन्न स्थानों में स्थित शिवालयों में काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए जुटेंगे। इस तरह सावन के पहले सोमवार को जिलेभर के शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज सुनाई देंगी। वैसे तो सावन का पूरा महीना शिव आराधना के लिए जाना जाता है, लेकिन सावन के सोमवार को शिव पार्वती की पूजन करने से मनोकामना पूर्ण होती है। यही कारण है कि सावन के सोमवार को विशेष महत्व रहता है।

### पूजन के साथ भोग भंडारा

सावन के पहले सोमवार को कुछ शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी है। जलाभिषेक, रूद्राभिषेक के साथ विधि-विधान के साथ शिवालयों में पूजा अर्चना की जाएगी। विशेष पूजन के साथ भोग भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जहां भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने के लिए भी श्रद्धालु काफी संख्या में जुटते हैं।

## सावन का पहला सोमवार आज घर-घर गूंजेगा बम-बम भोले



**मनेन्द्रगढ़।** श्रावण मास का पवित्र आरंभ हो चुका है और अब पूरे क्षेत्र में शिवभक्ति का रंग गहराता जा रहा है। आज सावन का पहला सोमवार है और इस विशेष अवसर पर नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक घर-घर पार्थिव शिवलिंग की पूजा की तैयारी जोरों पर है। श्रद्धालुजन में अपार उत्साह देखा जा रहा है। मिट्टी, गंगाजल, बेलपत्र और दूध की खरीदारी शुरू हो गई है और बाजारों में पूजा सामग्री की चहल-पहल साफ झलक रही है।

### पार्थिव शिवलिंग पूजा की परंपरा

सावन सोमवार को पार्थिव शिवलिंग बनाकर उसकी विधिवत पूजा करना अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। शिवपुराण के अनुसार पार्थिव शिवलिंग पूजा से मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती हैं और शिव कृपा से जीवन में सुख-शांति एवं समृद्धि आती है। महिलाएं, युवतियां और बच्चे भी इस विशेष पूजा में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

### श्रद्धालु बना रहे हैं शिवलिंग

मनेन्द्रगढ़ के कई घरों में महिलाएं व्रत की तैयारी में जुटी हैं। मोहल्लों में भक्तजन मिलकर मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग गढ़ रहे हैं। स्थानीय शिव मंदिरों में भी रूद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक संस्थाओं द्वारा जल सेवा, भंडारे और हर हर महादेव के जयघोष की भी योजना है।

### प्रशासन भी सक्रिय

नगर प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए साफ-सफाई, पेयजल, और ट्रैफिक नियंत्रण की व्यवस्था प्रारंभ कर दी है। प्रमुख मार्गो पर पुलिस बल की तैनाती के साथ नगर पालिका द्वारा लाइटिंग और सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है।

### मैं भी हूं तैयार पूजा के लिए

मनेन्द्रगढ़ की रश्मि तिवारी बताती हैं कि हर साल हम सावन सोमवार को पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा करते हैं। यह हमारी आस्था है। शिव हमारे जीवन के आधार हैं। इस बार मेरी छोटी बहन भी पहली बार व्रत रखेगी। हम सब मिलकर शिवमहिमा का जाप करेंगे।

### भोले की भक्ति में डूबा मनेन्द्रगढ़

पवित्र सावन माह की शुरूआत के साथ ही शिवालयों की रौनक बढ़ गई है। मंदिरों में रंग-बिरंगी झालरों से सजावट हो रही है। जगह-जगह शिव मंदिरों में भजन मंडलियों की तैयारी शिवभक्ति को एक नया आयाम दे रही है। आज जब सूरज निकलेगा तो मनेन्द्रगढ़ की गलियों में हर द्वार से उठेगी शिवनाम की गूंज ॐ नमः शिवाय, बम-बम भोले और हर-हर महादेव।

### नगर पालिका के निर्णय को कलेक्टर ने किया निलंबित

# भारत पेट्रोलियम की गैस पाइपलाइन परियोजना को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को एमडीपीई माध्यम घनत्व पॉलीथिन पाइपलाइन डाया 32 एमएम / 63 एमएम/ 90 एमएम / 125 एमएम के माध्यम से नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में भूमिगत प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने की अनुमति 15 मार्च 2024 को दी गई थी, जिसमें कार्य पूर्ण करने की 6 माह की शर्त अधिरोपित की गई थी। निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न होने पर अनुमति निरस्त मानी जानी थी, किंतु शर्तों के अनुसार भारत पेट्रोलियम द्वारा समयावधि बढ़ाने के लिए नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड छग-1 गैस टेरिटोरी द्वारा क्रमशः 5 सितंबर 2024 और 7 जून 2025 को विस्तार के लिए आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिस पर नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की साधारण बैठक 12 जून 2025 में अतिरिक्त निर्णय क्रमांक 13(1) के तहत समयावधि विस्तार के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया, परंतु निर्णय में कोई कारण नहीं दर्शाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा 7 जुलाई को बीपीसीएल को निर्णय की सूचना दी गई, जिसे लेकर कलेक्टर कार्यालय द्वारा 9 जुलाई को मांगी गई स्पष्टीकरण पर नगर पालिका ने अपने निर्णय पर स्थिर रहने का पत्र प्रस्तुत किया। कलेक्टर कार्यालय द्वारा प्रस्तुत तथ्यों, दस्तावेजों और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पत्र 4 जुलाई 2025 का अवलोकन करने पर यह तथ्य सामने आया कि यह परियोजना न केवल मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले बल्कि आगे चलकर कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा एवं बलरामपुर तक विस्तारित होगी, जिससे इस परियोजना में वृहद जनहित निहित है। यह परियोजना भारत सरकार की एक राष्ट्रीय महत्व की योजना है, जिसे भारत पेट्रोलियम जैसा अर्द्धशासकीय लोक उपक्रम क्रियान्वित कर रहा है।



यह भी स्पष्ट किया गया कि नगर पालिका परिषद द्वारा जारी मूल अनुमति में ही शर्त संख्या 14 के तहत अवधि विस्तार के लिए आवेदन देने का प्रावधान था, जिसकी पूर्ति बीपीसीएल द्वारा समय रहते कर दी गई थी। फिर भी, परिषद द्वारा उसका निराकरण बिना किसी कारण के अस्वीकार करना न केवल प्रशासनिक रूप से अनुचित बल्कि वृहद जनहित की अवहेलना भी है। उपरोक्त समस्त तथ्यों और विश्लेषण के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने यह स्पष्ट किया है कि नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ का निर्णय संकुचित दृष्टिकोण और कारण रहित प्रस्ताव पर आधारित है, जो राष्ट्रीय हित एवं जनसाधारण की सुविधा के विपरीत है, इसलिए नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की साधारण बैठक 12 जून 2025 के अतिरिक्त निर्णय क्रमांक 13(1) को छग नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 323(1) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, छग-1 गैस टेरिटोरी, अंबिकापुर को निर्देशित किया गया है कि परियोजना कार्य के दौरान लोक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने की स्थिति में वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पहुंचे जिला अस्पताल



**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के अध्यक्ष मोहित पैकरा शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने हाल ही में सड़क हादसे में घायल हुए पप्पू पिता नोखेलाल, निवासी रामपुर से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली और उचित इलाज के लिए डॉक्टरों को निर्देश दिए। इस दौरान मोहित पैकरा ने अस्पताल के अन्य मरीजों से भी मुलाकात की और इलाज व सुविधाओं की जानकारी लेते हुए अस्पताल प्रबंधन को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जरूरतमंद मरीजों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के इस मानवीय पहल की सराहना की है।

- **सड़क हादसे में घायल से की मुलाकात**



# धनुष की 'कुबेर' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता धनुष की फिल्म 'कुबेर' को 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। नागार्जुन अक्किनेनी और रश्मिका मंदाना ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब 'धनुष' अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। 'कुबेर' का प्रीमियर 18 जुलाई, से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।



लाइफ Style

# रोशनी

## 'सन ऑफ सरदार 2' में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सन ऑफ सरदार 2' में मृणाल ठाकुर, नीरू बाजवा, संजय दत्त और रवि किशन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। अभिनेत्री रोशनी वालिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, जिनकी इस वक्त खूब चर्चा हो रही है। रोशनी वालिया बॉलीवुड की एक उभरती हुई अभिनेत्री हैं। उनका जन्म 20 सितंबर, 2001 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुआ था। 24 वर्षीय रोशनी वर्तमान में मुंबई में रहती हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई प्रयागराज से ही पूरी की है। हालांकि, उन्हें बचपन से ही अभिनय में रुचि थी, जिसके चलते उन्होंने मुंबई का रुख किया और विज्ञापनों में काम किया। रोशनी ने टीवी शो 'मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था।

रोशनी ने 'बालिका वधूः कच्ची उमर के पक्के रिश्ते', 'देवों के देव... महादेव', 'ये वादा रहा' और 'भारत का वीर पुत्रः महाराणा प्रताप' जैसे धारावाहिकों में भी काम किया है। वह वेब सीरीज 'नाम नमक निशान' में नजर आ चुकी हैं। रोशनी ने कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा की फिल्म 'फिरंगी' में भी अभिनय किया है। अब वह 'सन ऑफ सरदार 2' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचाती नजर आएंगी।

अभिनेता अजय देवगन जल्द ही फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान विजय कुमार अरोड़ा ने संभाली है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।

हॉलीवुड मसाला



# सेंसर बोर्ड पर भड़के भारतीय दर्शक

**नई दिल्ली।** भारत में 'सुपरमैन' देखने गए दर्शक निराश हुए क्योंकि फिल्म से किसिंग सीन हटा दिए गए थे। सोशल मीडिया पर लोगों ने सेंसरशिप की आलोचना की। सीबीएफसी ने कथित तौर पर कई सारी एडिटिंग की है, जिसमें डेविड और रेचल के बीच 33 सेकंड के किसिंग सीन को छोटा कर दिया गया है। उनका कहना है कि सीबीएफसी एक साधारण किस दिखाने की इजाजत नहीं दे रहा है। सोशल मीडिया पर लोगों के शिकायतों की बाढ़ आ गई, कई फैंस ने सेंसरशिप की आलोचना की और उन रोमांटिक सीन्स को काटने के पीछे के कारण पर सवाल उठाए जिन्हें वे मानक मानते थे।



# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का सीन हुआ लीक...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस को 'एवेंजर्स' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। मार्वल स्टूडियो के लिए भी यह फिल्म बहुत मायने रखती है, क्योंकि 2019 में 'एवेंजर्सः एंडगेम' के बाद से एमसीयू की किसी भी फिल्म ने वो सफलता नहीं पाई है, जिसकी इससे उम्मीद रहती है। 'डूम्सडे' जहां 2026 में रिलीज होगी, वहीं उससे पहले 25 जुलाई को 'फैंटास्टकि फोरः फर्स्ट स्टेप्स' भी आ रही है। बहरहाल, इस बीच 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के सेट से कुछ नई तस्वीर सामने आई हैं, जिसके बाद यह कहा जा रहा है कि फिल्म का प्लॉट लीक हो गया है! 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के सेट से जो नई तस्वीरें आई हैं। दरअसल, तस्वीर में फैंटास्टिक फोर के द थिंग, थंडरबोल्ट्स के यूएस एजेंट और द फाल्कन को एक ही फ्रेम में देखा जा रहा है।



# बैटल ऑफ गलवान में आएंगी नजर

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान पिछले कुछ दिनों से फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान अपूर्व लाखिया को सौंपी गई है। इस फिल्म में सलमान की जोड़ी अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब चित्रांगदा ने पहली बार सलमान के साथ काम करने को लेकर अपनी उत्सुकता साझा की है। चित्रांगदा ने बताया कि वह फिल्म में शामिल होने पर बेहद खास महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे आज भी याद है कि मिस्टर खान कहते थे कि हमें साथ काम करने का मौका जरूर मिलेगा और आखिरकार अब ऐसा हो रहा है। जैसे कि सलमान कहते हैं, 'एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी तो मैं अपने आप की भी नहीं सुनता।'



# शनाया की पहली फिल्म देख भावुक हुईं मां

**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' आखिरकार 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए अभिनेता संजय कपूर और उद्यमी महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। अब शनाया की पहली फिल्म देख उनकी मां महीप भावुक हो गई हैं। उन्होंने अपनी खुशी साझा की है। महीप ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पर शनाया की बचपन की तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरी बच्ची की पहली फिल्म सिनेमाघरों में आ गई है। भगवान का आभार। आंखों की गुस्ताखियां आपके नजदीकी सिनेमाघरों में।'

टीवी मसाला



# एकता कपूर ने बताया क्यों लौट रहा 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'

**मुंबई।** इन दिनों अगर छोटे पर्दे का कोई धारावाहिक सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर रहा है तो वो है 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2'। इसकी पहली झलक से लेकर कहानी और किरदार तक सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। दर्शक टीवी पर इस शो की वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उत्सुकता होना भी जायज है, क्योंकि 25 साल बाद यह लोकप्रिय शो लौट रहा है। हाल ही में निर्माता एकता कपूर ने इस पर बात की।

***दूसरा सीजन लाने में झिझक रही थीं एकता :*** एकता ने सोशल मीडिया पर बताया कि आखिर क्यों इतने लंबे समय बाद अब वह ये शो लेकर आ रही हैं। उन्होंने लिखा, 'जब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के 25 साल पूरे होने वाले थे और इसे फिर लॉन्च करने का विचार सामने आया तो मेरी पहली प्रतिक्रिया थी, नहीं! मैं क्यों उन पुरानी यादों को छेड़ना चाहूंगी? मैं अपने बचपन को जैसे याद करती हूं और वो वास्तव में वैसा ही था। वो हमेशा अलग रहेगा।'

***एकता के मन में आए ये सवाल:*** एकता आगे लिखती हैं, 'टीवी की दुनिया अब बदल चुकी है। जो कभी सिर्फ 9 शहरों पर निर्भर थी, अब दर्शक अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर बिखरे हुए कंटेंट को टुकड़ों में देखते हैं। क्या यह बदलाव 'क्योंकि' की उस ऐतिहासिक टीआरपी को हिला पाएगा, जिसे पहले और बाद में कोई नहीं छू सका? लेकिन क्या यही इस शो की असली विरासत थी? क्या ये सिर्फ एक सबसे ज्यादा टीआरपी वाला शो था?

***ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था- एकता :*** एकता ने लिखा, 'इस शो ने भारतीय घरों की महिलाओं को आवाज दी। साल 2000 से 2005 के बीच पहली बार ऐसा हुआ कि महिलाएं परिवार की बातचीत का हिस्सा बनने लगीं। इसने भारत की कहानी कहने की परंपरा को पूरी दुनिया तक पहुंचाया। ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था, बल्कि इसने घरेलू शोषण, उम्र को लेकर ताने, और इच्छा मृत्यु जैसे मुद्दों को घर-घर में चर्चा का विषय बना दिया। यही थी उस कहानी की असली विरासत।'

## इतनी फीस ले रहीं स्मृति ईरानी

एकता कपूर के लोकप्रिय शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के दूसरे सीजन में एक बार फिर स्मृति ईरानी 25 साल बाद एक बार फिर तुलसी बनकर लौट रही हैं। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का पहला प्रोमो रिलीज हो चुका है, जिसमें स्मृति तुलसी की पूजा करती दिख रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अमुसार, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में एक बार फिर तुलसी की भूमिका निभाने के लिए स्मृति को निर्माताओं को ओर से प्रतिदिन 14 लाख रुपये का भुगतान किया जा रहा है। इसी के साथ वह भारतीय टेलीविजन की सबसे अधिक कमाई करने वाली अभिनेत्री बन गई हैं। आपको यह जानकार हैरानी होगी कि स्मृति को पहले सीजन के लिए प्रतिदिन 1,800 रुपये मिलते थे। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद इसका खुलासा किया था।

# 'सन ऑफ सरदार 2' का ट्रेलर रिलीज 'जस्सी' बने अजय

**मुंबई।** आने वाले दिनों में कई हिट फिल्मों के सीक्वल दर्शकों के बीच होंगे। इन्हीं में एक है 'सन ऑफ सरदार 2', जिसकी राह दर्शक बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। फिल्म के हीरो अजय देवगन हैं, जो पिछली बार अपनी हिट फिल्म 'रेड' का सीक्वल 'रेड 2' लेकर आए थे और एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गए थे। अब उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।



### कैसा है फिल्म का ट्रेलर?

अजय जब साल 2012 में फिल्म 'सन ऑफ सरदार' लेकर आए थे तो दर्शक हंसते-हंसते लोटपोट हो गए थे। उनकी कॉमिक टाइमिंग जबरदस्त थी। जस्सी रंधावा बनकर उन्होंने इस फ्रेंचाइजी में वापसी की है। ट्रेलर में कॉमेडी के साथ-साथ अजय ने एक्शन का भी तड़का लगाया है। हालांकि, इस बार सरदार बने जस्सी और उनकी टोली खास जम नहीं रही है। इसमें मृणाल ठाकुर, नीरू बाजवा, साहिल मेहता, संजय दत्त और रवि किशन जैसे सितारे भी नजर आ रहे हैं।

### ट्रेलर देख क्या बोले लोग?

ट्रेलर देख एक यूजर ने लिखा, 'जस्सी अपने जबरदस्त डायलॉग्स संग लौट आया है।' एक ने लिखा, 'ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर है पाजी।' एक कमेंट है, 'ट्रेलर इतना झक्कास है तो फिर फिल्म तो पक्का ब्लॉकबस्टर होगी।' उधर कुछ लोगों ने इसे बकवास बताया है। उनका कहना है कि इससे बढ़िया तो पहले वाली फिल्म दोबारा देख लेते। एक ने लिखा, 'कबाड़ा कर दिया सीक्वल का।' उधर कुछ लोगों को ट्रेलर देख दिवंगत अभिनेता मुकुल देव की याद आ गई है।

# 'मालिक' ही नहीं, देखिए मार-धाड़ से लबरेज बॉलीवुड की ये गैंगस्टर फिल्में

*मुंबई। अभिनेता राजकुमार राव फिल्म 'मालिक' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार मानुषी छिल्लर नजर आ रही हैं। राजकुमार पहली बार पर्दे पर गैंगस्टर बन मार-पिटाई करते दिखे हैं और उनका यह एक्शन अवतार प्रशंसकों को खूब भा रहा है। वैसे 'मालिक' से पहले भी बॉलीवुड में कई ऐसी शानदार गैंगस्टर फिल्में बन चुकी हैं, जिनमें एक्शन के साथ-साथ हीरो की डॉनगिरी आकर्षण का केंद्र रही।*

***'वास्तव'*** *: महेश मांजरेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त ने 'रघु भाई' बनकर धमाल मचा दिया था। फिल्म में बहुत ही शानदार तरीके से मुंबई अंडरवर्ल्ड और नेताओं के रिश्ते को दिखाया गया है। आईएमडीबी ने इसे 8 की रेटिंग से नवाजा है। 7 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ रुपये कमाए थे। अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर यह फिल्म देखी जा सकती है।*



***'सत्या'*** *: राम गोपाल वर्मा के निर्देशन वाली गैंगस्टर फिल्म सत्या से ही मनोज बाजपेयी को बॉलीवुड में पहचान मिली थी या कहें यही वो फिल्म थी, जो उनके करियर में मील का पत्थर साबित हुई। भीखू महात्रे की भूमिका में मनोज ने अपनी तगड़ी एक्टिंग से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। दो करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने 15 करोड़ रुपये कमाए थे। आईएमडीबी पर 8.2 रेटिंग वाली ये फिल्म सोनी लिव और यूट्यूब पर मौजूद है।*

***'गैंग्स ऑफ वासेपुर'*** *: इस फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया था। जब भी बॉलीवुड की बेहतरीन गैंगस्टर फिल्मों की बात होती है तो 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' का जिक्र जरूर होता है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फैजल खान का किरदार निभाकर पर्दे पर तबाही मचा दी थी। 8.2 रेटिंग लेने वाली 3 परिवारों के बीच की दुश्मनी और राजनीति पर आधारित इस फिल्म का लुत्फ आप नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर ले सकते हैं।*

***'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' और 'मकबूल'*** *: आईएमडीबी पर 7.4 रेटिंग पा चुकी अजय देवगन, इमरान हाशमी और कंगना रनौत की वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई बेहतरीन गैंगस्टर फिल्मों में से एक है। इसके हरेक सीन पर तालियां बजी थी। आईएमडीबी पर इसे 7.4 रेटिंग मिली है। उधर बॉलीवुड में अलग धाक जमाने वाले दिवंगत अभिनेता इरफान खान ने फिल्म 'मकबूल' में 'मकबूल' बनकर दर्शकों का दिल जीत लिया था। इसकी रेटिंग 8.0 है। दोनों फिल्में अमेजन प्राइम वीडियो, एमएक्स प्लेयर और यूट्यूब पर हैं।*

## फिल्म 2 जिद्दी लोगों के बीच अहंकार की लड़ाई देखने को मिलेगी

# 'लव एंड वॉर' में रणबीर-विक्की के बीच भयानक भिड़ंत, बनेगा भव्य सेट

*मुंबई। निर्देशक संजय लीला भंसाली अपनी भव्य फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनकी पिछली वेब सीरीज 'हीरामंडी' उदाहरण के लिए काफी है। अब भंसाली की अगली फिल्म का उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले काफी समय से वह फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग कर रहे हैं, जिसे लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। फिल्म से जुड़ीं अब कुछ ऐसी जानकारियां सामने आई हैं, जिनके बाद इसकी राह देख रहे दर्शकों की बेताबी और बढ़ जाएगी।*

### जबरदस्त टक्कर देख रोंगटे खड़े हो जाएंगे

रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के बीच एक जबरदस्त सीक्वेंस की शूटिंग होने वाली है, जिसे देख दर्शकों रोंगटे खड़े हो जाएंगे। भंसाली की टीम इस वक्त एक काफी बड़ा सेट तैयार करने में लगी है, जहां नई पीढ़ी के ये 2 सबसे दमदार सितारे एक-दूसरे से भिड़ते दिखेंगे। भंसाली ने रणबीर और विक्की के बीच डायलॉग से भरे इस झन्नाटेदार सीन को प्लान और डिजाइन करने में काफी वक्त लगाया है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

बता दें कि रणबीर और विक्की ने इस फिल्म के लिए शारीरिक तौर पर काफी बदलाव किए हैं। रणबीर ने जहां 12 किलो वजन घटाया है तो वहीं विक्की ने भी 15 किलो वजन कम किया है। अगर सब योजना के मुताबिक चलता रहा, तो मार्च 2026 तक इस फिल्म को रिलीज किया जा सकता है। ये फिल्म वॉर के बैकग्राउंड पर सेट एक लव स्टोरी है, जिसमें 2 जिद्दी लोगों के बीच अहंकार की लड़ाई देखने को मिलेगी।



### कब पूरी होगी 'लव एंड वॉर' की शूटिंग?

सूत्र ने बताया कि 'लव एंड वॉर' की 100 दिनों की शूटिंग पूरी हो चुकी है। 90 दिनों की शूटिंग अभी बाकी है। भंसाली 2025 के अंत तक 'लव एंड वॉर' की शूटिंग पूरी करना चाहते हैं। हालांकि, शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा मुंबई के अलग-अलग स्टूडियो में शूट होगा, लेकिन टीम ने अक्टूबर के बाद यूरोप में एक आउटडोर शूटिंग की भी योजना बनाई है। अपनी बाकी फिल्मों की तरह ही भंसाली इसे भी काफी नाप-तौलकर बना रहे हैं।

### पहली बार दिखेंगी रणबीर, विक्की और आलिया

*ये एक ऐसी फिल्म है, जो रणबीर और विक्की द्वारा निभाए गए 2 मजबूत किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों का कनेक्शन आलिया भट्ट के किरदार के साथ दिखाया जाएगा, क्योंकि ये एक लव ट्रायएंगल फिल्म है। रणबीर और विक्की दोनों इस फिल्म में आर्मी अफसर की भूमिका में होंगे। आलिया और रणबीर पहले 'ब्रह्मास्त्र' में साथ काम कर चुके हैं. वहीं 'संजू' में रणबीर ने विक्की के साथ काम किया है। अब तीनों को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।*

## खबर संक्षेप

### बालिका आवासीय विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**रजपुरीकला।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रजपुरी कला में धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती को फूल माला अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह तथा अन्य शिक्षकों सहित अतिथियों ने बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर, मीठा खिला कर उन्हें स्कूल बैग, पुस्तक, कॉपी, गणवेश आदि का वितरण कर शाला प्रवेश कराया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत अतिथियों ने कस्तूरबा प्रांगण में पौधा रोपण कर विद्यालय तथा आसपास हरियाली का संदेश दिया। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को विद्यालय में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से अवगत कराते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि राकेश अग्रवाल, राजेंद्र जायसवाल, श्रीमती शशि कला सिंह, कामेश्वर राजवाड़े, श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, दिनेश बारी, दिनेश साहू, हेमावती प्रजापति, सचिन बंसल, स्वेच्छा सिंह, डीके गुप्ता, मनोज तिवारी, दीपेश पांडे, अंजनी कुमार मिश्रा,दीप्ति वर्मा, छवि लता महापात्र, मेरी ममता लकड़ा, रूपा चक्रधारी, अभिलाष सिंह, तुरंती राजवाड़े, पलक गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पुटुस झाड़ी में छिपाकर रखा था भरमार बंदूक, आरोपी गिरफ्तार



**राजपुर।** 11 जुलाई को शंकरगढ़ पुलिस टीम थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में एक मर्ग जांच के लिए जोकापाठ क्षेत्र में गई हुई थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गांव का राहू पहाड़ी कोरवा अपने घर में भरमार छिपाकर रखा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर घेब्न्दी कर रामू पहाड़ी कोरवा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर पुटुस झाड़ी में छिपाकर रखा हुआ एक नाल वाला भरमार बंदूक बरामद किया। युवक के पास भरमार कैसे पहुंचा फिलहाल युवक ने नहीं बताया है कि लेकिन संभावना है कि युवक भरमार बंदूक से जंगल में जंगली सूअरों का अवैध रूप से शिकार करने का काम करता था। पुलिस ने आरोपी जोकापाठ लालधरा निवासी 25 वर्षीय रामू पहाड़ी कोरवा आ. नान साय पहाड़ी कोरवा को 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर भरमार को जब्त किया है।

### ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत पुलिस ने किया मर्ग कायम

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी बिहारपुर निवासी नरेश सिंह आ. स्व. होलसाय (45 वर्ष) बीती रात पत्नी से सिर में दर्द होने की शिकायत की।

## लोगों ने डस्टबिन को किया वापस, डिवाइडर बना कचरादानी

# उदयपुर एनएच स्थित डिवाइडर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ केदमा

नगर की सुंदरता और राहगीरों की सुरक्षा के लिए एनएच पर डिवाइडर के साथ स्ट्रीट लाइट लगाया गया है। एक ओर जहां देखरेख के अभाव में डिवाइडर की हालत न सिर्फ दयनीय हो गई है बल्कि डिवाइडर के बीच लगाए गए पौधे सूख गए है वहीं दूसरी ओर रात में सड़क पर रोशनी हो इसके लिए लगाए गए कई स्ट्रीट लाइट महीनों से खराब है जिससे रात के समय हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है क्षेत्र के लोगों ने स्ट्रीट लाइट मरम्मत कराने की मांग नहीं की है बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिससे रात के समय राहगीर अंधेरे में आवागमन करने को मजबूर है।

अंबिकापुर-बिलासपुर हाईवे पर उदयपुर मेन मार्केट में बने डिवाइडर की हालत खराब है। तीन साल पहले एनएच विभाग ने एक किलोमीटर लंबा डिवाइडर बनाया था। डिवाइडर में हर साल प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधारोपण करती रही। लेकिन देखरेख नहीं होने से सभी पौधे सूख गए। कुछ जगहों पर सूखे पौधों की ठूंठ अब भी नजर आती है। डिवाइडर निर्माण के बाद डिवाइडर के बीच फूल व शो पत्ती के पौधे लगाए गए थे जिससे सड़क की न सिर्फ शोभा बढ़ गई थी बल्कि वातावरण ही अलग नजर आता थ। लेकिन देखरेख के अभाव में फूल पौधे गायब हो गए और डिवाइडर पर अब मदार व बेशर्म के पौधे और घास-फूस शोभा बढ़ाने लगे है। स्थानीय व्यापारी अशोक बंसल ने बताया कि सरकार ने लोगों के आवागमन के लिए करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कराया और नगर की सुंदरता के लिए डिवाइडर बनाया है। डिवाइडर पर फूलदार पौधे होने के कारण सड़क की सुन्दरता काफी बढ़ गई थी। लेकिन कुछ व्यापारी इसमें कचरा फेकने लगे जिससे पौधे का अस्तित्व ही खत्म हो गया। जबकि डिवाइडर की सफाई व पौधों की सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। कुछ लोगों ने डिवाइडर को कचरा फेंकने की जगह बना दिया है। कई जगहों पर मलबा भी डाला गया है। इससे स्वच्छ भारत मिशन की खुलेआम अनदेखी हो रही है। ग्राम पंचायत उदयपुर की ओर से हर घर और दुकान में डस्टबिन रखवाकर महिला समूह के जरिए रोजाना कचरा कलेक्शन कराया जा रहा है। बावजूद इसके डिवाइडर में ही कचरा और मलबा फेंक रहे हैं। इससे वातावरण पर बुरा असर पड़ रहा है।

### कचरा से अटा डिवाइडिर, बरसात में भी लगाए गए पौधे सूखे



डिवाईडर में फेंका गया कचरा।



### लगाए गए है 36 स्ट्रीट लाइट

उदयपुर एनएच पर रात के समय सड़क रौशन करने के लिए एक किमी डिवाइडर के बीच 36 स्ट्रीट लाइट लगाए गए है। कुछ स्ट्रीट लाइन तो जलते है लेकिन लगभग एक दर्जन स्ट्रीट लाइट महीनों से खराब है जिसमें से आठ लाइट को मरम्मत के लिए विभाग द्वारा रायपुर भेज गया है लेकिन अब तक लाइट ठीक नहीं हुई। ऐसे में आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पूर्व में भी उदयपुर एनएच में कई दुर्घटनाएं हो चुकी है जिससे कई लोगों की जान जा चुकी है जबकि कई लोग घायल हो चुके है। ऐसे में समय रहते लाइट की मरम्मत नहीं हुई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### डिवाइडर पर फेकते है कचरा

उदयपुर में अन्य नगर की तरह स्वच्छता अभियान के तहत खुले में कचरा नहीं फेंकने तथा स्वच्छता को लेकर कई बार जागरूकता अभियान चलाया गया बावजूद इसके कई लोग जागरूकता के अभाव में डिवाइडर को ही डस्टबिन बना लिया है। ग्राम पंचायत उप सरपंच शेखर सिंह देव ने बताया कि 200 से ज्यादा डस्टबिन बंटवाए गए हैं। यहां तक कि महिला समूह द्वारा रोजाना कचरा इकट्ठा कर रहे है। फिर भी कुछ व्यापारी डस्टबिन लौटा चुके हैं और डिवाइडर में कचरा डाल रहे हैं जिससे पौधे पर इसका विपरीत असर पड़ा और पौधे सुख गए।

### चल रही है प्रक्रिया

एनएच कार्य पूर्ण होने के बाद हैंडओवर की प्रक्रिया चल रही है। सब इंजीनियर को भेजकर जांच कराई जाएगी। डिवाइडर में कचरा फेंकने वालों पर रेवेन्यू विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए।

**-निखिल लकड़ा,** एनएच एसडीओ

### दिए जाएंगे निर्देश

एनएच 130 से जुड़ी सभी समस्याओं को लेकर एनएच विभाग को निर्देश दिए जाएंगे। लाइट की मरम्मत करने कहा जाएगा जिससे लोगों को परेशानी न हो।

**-बन सिंह नेताम,** एसडीएम उदयपुर

# धान की बजाय अन्य फसलों की खेती पर भी मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**बैकुण्ठपुर।** किसानों की आय में वृद्धि और कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत अब धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 10 हजार से 11 हजार रूपए तक की आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कृषि कार्यालय कोरिया से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना का क्रियान्वयन खरीफ 2025 से किया जाएगा। योजना का उद्देश्य किसानों को उन्नत बीज, खाद, कीटनाशक, यांत्रिक संसाधन तथा नवीन कृषि तकनीकों में निवेश के लिए प्रेरित करना है, जिससे फसल की उत्पादकता में वृद्धि हो और लागत में कमी आए।

- **कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को मिलेगा प्रति एकड़ 11 हजार तक का लाभ**

### इन किसानों को मिलेगा लाभ

वे किसान जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया है। विगत खरीफ में धान बोकर सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर विक्रय किया है। वर्तमान खरीफ में धान की बजाय दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी अथवा कपास की खेती कर रहे हैं, ऐसे पंजीकृत किसानों को 11 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से सहायता दी जाएगी। सामान्य रूप से अन्य फसल लेने वाले किसानों को 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की सहायता प्रदान की जाएगी। कृषकों को यह राशि डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में दी जाएगी। योजना का लाभ केवल व्यक्तिगत कृषकों को मिलेगा, संस्थागत समितियां, ट्रस्ट, कंपनियां या सरकारी संस्थान इसके पात्र नहीं होंगे। राज्य सरकार द्वारा खरीफ 2025 में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान पर भी अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। धान (कॉमन) पर 731 रूपए प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 15 हजार 351 रूपए प्रति एकड़। धान (ग्रेड-ए) पर 711 रूपए प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 14 हजार 931 रूपए प्रति एकड़। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से राज्य सरकार का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को जलवायु अनुकूल एवं विविधतापूर्ण बनाना है, ताकि किसान बदलते मौसम, लागत वृद्धि और बाजार अस्थिरता की चुनौतियों का सामना कर सकें और उनकी आय में स्थायी बढ़ोतरी हो।

### प्रयास विद्यालयों में कक्षा 9वीं प्रवेश हेतु काउंसलिंग 15 से

**अम्बिकापुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। यह सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड की गई है। आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार, प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग दिनांक, समय एवं स्थल निर्धारित कर दिए गए हैं। काउंसलिंग का आयोजन प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी, जिला रायपुर में किया जाएगा। काउंसलिंग के लिए अजजा एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालक 15 जुलाई, अजजा एवं पीवीटीजी बालिका 16 जुलाई, अजजा बालक-बालिका 17 जुलाई, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक-बालिका 18 जुलाई, सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक बालक-बालिका 18 जुलाई को अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होने।

## धरती आबा अभियान से आदिवासी परिवारों को मिल रही योजनाओं की सौगात

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में 15 जून से 15 जुलाई तक चलाए जा रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के 154 आदिवासी ग्रामों में शासन की योजनाओं का व्यापक क्रियान्वयन किया जा रहा है। सोनहत और बैकुंठपुर विकासखंड के इन गांवों में हजारों पात्र परिवारों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड और बीमा योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

जनपद पंचायत सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी कि विकासखंड में 2,626 लक्षित परिवारों और 9,320 जनसंख्या के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया है, मनरेगा जॉब कार्ड, जीवन ज्योति बीमा और सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पेंशन योजना के तहत 85 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 28 स्वीकृत हुए, 7 अपात्र पाए गए और शेष प्रक्रियाधीन हैं। साथ ही 111 जाति प्रमाण पत्र और 100 निवास प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को भी ग्रामीणों तक पहुंचाया जा रहा है। टीबी एवं सिकलसेल की जांच की जा रही है और जरूरतमंदों को उपचार से जोड़ा जा रहा है साथ ही आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क जांच उपरांत दवाई वितरण भी किया जा रहा है। बैकुंठपुर एसडीएम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड में अब तक 23 क्षय रोग के सक्रिय मरीज चिन्हित किए गए हैं। वहीं 391 जाति प्रमाण पत्र, 361 निवास प्रमाण पत्र और 269 राशन कार्ड बनाए गए हैं। पोषण सुरक्षा की दिशा में 2,837 पोषण वाटिकाएं भी तैयार की गई हैं। साथ ही मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत टीकाकरण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। अभियान की प्रगति की ऑनलाइन निगरानी के लिए धरती आबा पोर्टल बनाया गया है। अभियान का उद्देश्य दूरस्थ आदिवासी अंचल के पात्र परिवारों को सीधे शासन की योजनाओं से जोड़ना है, ताकि वे सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

- **154 ग्रामों में आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड, बीमा और स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ, पोषण वाटिकाएं भी बन रहीं**

## निम्हा स्कूल में मनाया संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव

**केदमा।** संकुल स्तरीय सेजेस स्कूल निम्हा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक राजेश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, ओबीसी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई।

विधायक राजेश अग्रवाल ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक की 90 छात्राओं को पानी के थरमस बांटे। नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों ने तिलक लगाया, लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया और किताबें वितरित कीं। प्राइमरी, मिडिल और बोर्ड कक्षाओं में संकुल स्तर पर सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक ने शील्ड देकर सम्मानित किया। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा जरूरी है, बच्चे पढ़ेंगे तभी देश बढ़ेगा। इसके लिए शिक्षा के स्तर में सुधार आवश्यक है। केंद्र और राज्य सरकारें बच्चों की पढ़ाई के लिए लगातार काम कर रही हैं। युक्तिकरण के बाद सभी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी नहीं रहेगी। ग्रामीण इलाकों के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए सरकार प्रयासरत है। एसएमडीसी अध्यक्ष परमेश्वर प्रजापति ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। अच्छी शिक्षा से माता-पिता और विद्यालय दोनों का नाम रोशन होता है। शिक्षकों के मार्गदर्शन से बच्चे अपने भविष्य का चयन कर पाते हैं। कार्यक्रम पश्चात अतिथियों ने विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रार्थना सभा संचालन के लिए मंच, बाउंड्री वॉल, शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए शौचालय, साइकिल स्टैंड, किचन शेड और भौतिक विज्ञान के लिए शिक्षक की मांग रखी। जिस पर विधायक राजेश अग्रवाल ने सभी मांगों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रियंका तिवारी ने और आभार प्रभारी प्राचार्य नंदकेश्वर राम शांडिल्य ने किया। इस दौरान दिनेश बारी, राकेश अग्रवाल, कामेश्वर राजवाड़े, लालजीत पैकरा, लक्ष्मण साहू, जयसिंह कुरूम, अगस्त राम सिरदार, अमृत सिंह, आदित्यानंद तिवारी, पैसेंजर राजवाड़े, मुकेश ठाकुर, संतोष जायसवाल, सचिन बंसल, रजनीश भारती, शोभनाथ प्रजापति सहित शिक्षक मौजूद रहे।



### शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक राजेश

विकासखंड उदयपुर के ग्राम सलका शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश अग्रवाल शामिल हुए।

### पेड़ से टकराई स्कोर्पियो, युवक और किशोरी की मौत

**अंबिकापुर।** शुक्रवार की रात बनारस रोड में चठिरमा बेरियर के समीप तेज रफ्तार स्कोर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई घटना के दौरान वाहन में दो युवती और तीन युवक समेत 5 लोग सवार थे। सड़क दुर्घटना में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक किशोरी और एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात जशपुर जिले के जरिया निवासी 19 वर्षीय जतिन राज कुजूर आ. स्व.संतोष कुजूर, दरिमा चिता बहार निवासी 16 वर्षीया सरिता मिंज आ. तेजन राम, जयनगर रविन्द्रनगर निवासी 16 वर्षीया ख़ुशी शाह आ. खगेश शाह, बैकुंठपुर निवासी 17 वर्षीय अनुपम बड़ा आ. अजीत बड़ा व सीतापुर निवासी 17 वर्षीय अर्पित बड़ा स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 ईई 9601 से अंबिकापुर से बनारस रोड में चठिरमा की ओर जा रहे थे। इस दौरान चठिरमा बेरियर के समीप युवकों की तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आरएसएस ने किया कार्यक्रम

**लखनपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्य 6 उत्सवों में से एक गुरु पूर्णिमा के उत्सव पर शुक्रवार को विकासखंड के प्राचीन स्वयंभू शिव मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला प्रचारक जितेन्द्र शर्मा ने मां भारती को अपना जीवन समर्पण करने तथा भगवा ध्वज को गुरु मान पूजा करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जितनी भी पुरानी सभ्यता थी वे सभी नष्ट हो गए लेकिन सनातन और हिंदुत्व के साथ भगवा ही है जो चिरंतन है और आज भी अस्तित्व में है। कार्यक्रम में विधायक राजेश अग्रवाल ने भगवा ध्वज को नमन कर अपना समर्पण किया। कार्यक्रम में जिला सह संघचालक देवनारायण यादव, सत्यनारायण तिवारी, डॉ. आरबी पाण्डेय, यतेन्द्र पांडेय, प्रदीप गुप्ता, जनपद अध्यक्ष विक्रम सिंह, सुरेंद्र साहू, कन्हैया साहू, अवधेश यादव, राकेश अग्रवाल, गोल्डी अग्रवाल, हरविन्द अग्रवाल, सुरेश गोयल, विकास अग्रवाल, कुंजा गुप्ता, एलपी सिसोदिया सहित अन्य मौजूद थे।



**प्रकाश हॉस्पिटल**
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि
LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति)
द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

न्यायालय, तहसीलदार चिरमिरी,
जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार//
क्रमांक/528/ वाचक / 2025 चिरमिरी,
दिनांक 09/07/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासी/ नगरवासी ग्राम दुबछोला प.ह.न. 05 रा.नि.म. व तहसील चिरमिरी के आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मान सिंह आ. स्व. हीरा सिंह उम्र 45 वर्ष जाति गोंड निवासी ग्राम दुबछोला प.ह.नं 05 रानि.मं. व. तहसील चिरमिरी जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा अपने पिता हीरा सिंह की मृत्यु ग्राम दुबछोला में दिनांक 20.08.1984 को हो गई थी, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्राप्त करने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर किसी भी व्यक्ति, संस्था समूह अथवा निकाय को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति दिनांक 23/07/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। 09/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालीन पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी
भरतपुर (छ.ग.)

## पृष्ठ 1 का शेष

### मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी रेल...

**रीवा ट्रेनः सात दिन से तीन दिन तक का पतन-** चिरमिरी से रीवा की ओर जाने वाली ट्रेन पहले सप्ताह के सातों दिन चलती थी, लेकिन कोरोना काल के नाम पर इसे मात्र तीन दिन तक सीमित कर दिया गया। महामारी अब बीते दिनों की बात हो चुकी है, पर रेलवे की यह असंवेदनशील कटौती अभी तक जारी है।

**यात्री बेहाल, जनप्रतिनिधि लापरवाह-** वर्षों से यही देखा जा रहा है कि जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार होती है, तो बीजेपी के नेता बयान देते हैं और जब केन्द्र में बीजेपी की सरकार होती है, तो कांग्रेस के नेता विरोध जताते हैं। जनता की तकलीफें कभी किसी की प्राथमिकता नहीं रहीं। इस राजनीति के बीच आम नागरिक पिस रहा है और बेहतर ट्रेन सुविधा अब भी सिर्फ एक सपना बनी हुई है।

**अब वक्त ठोस पहल का है-** अब आवश्यकता है कि स्थानीय सांसद, विधायक और पार्षद मिलकर इस गंभीर विषय को प्राथमिकता में लें, केवल ज्ञापन और पोस्टरबाजी नहीं, बल्कि रेलवे बोर्ड के साथ संवाद कर क्षेत्रीय यात्रियों की पीड़ा को दूर करें। साथ ही, रेलवे मंत्रालय से यह मांग की जाए कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी जैसे पिछड़े हुए रेलखंड को विकास की मुख्यधारा में जोड़ा जाए।

## शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर फूटा गुस्सा, मंच के नीचे बैठकर जताया विरोध

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर भवन में खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह और कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा ने किया। विधायक शकुंतला सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी गुरुजनों को अच्छी शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रोत्साहित किया एवं सभी बच्चों का तिलक और लड्डू खिला करके शाला प्रवेश कराया।

खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उस वक्त विवादों में आ गया जब जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि देवपाल पैकरा और जिला पंचायत सदस्य लवकेश पैकरा ने मंच पर स्थान न मिलने और नाम आमंत्रण पत्र में नाम नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। कार्यक्रम के दौरान दोनों जनप्रतिनिधि मंच पर न बैठकर नीचे बैठे और अधिकारियों के मनमाने रवैये का विरोध किया। आमंत्रण पत्र में जिला पंचायत सदस्य लवकेश पैकरा का नाम तक शामिल नहीं किया गया था। जिसे लेकर दोनों जनप्रतिनिधियों ने आयोजन में गंभीर लापरवाही और प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने मंच पर बोलते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी-कर्मचारी अगर गुटबाजी करते हैं या प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कोई राजनीतिक अखाड़ा नहीं है जहां अफसर अपनी मर्जी चलाएं। विरोध के बाद बीईओ और अन्य अधिकारियों ने मान-मनौव्वल कर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष ने सख्त लहजे में अधिकारियों को चेतावनी दी कि वे प्रोटोकॉल का पालन करना और जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना सीखें। यह पहला मौका नहीं है जब प्रतापपुर जनपद में जनप्रतिनिधियों के साथ इस तरह की अनदेखी हुई हो।



